राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू
Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :12/2021 दिनांक : 10.03.2021

# राजभाषा अधिकारियों का 38वां अखिल भारतीय सम्मेलन
# 38th All India Conference of OL Officers

केनरा बैंक राजभाषा अधिकारियों का 38वां अखिल भारतीय दो दिवसीय सम्मेलन 08 एवं 09 मार्च को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया गया। सम्मेलन में श्री एल वी प्रभाकर, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री देवाशीष मुखर्जी, कार्यपालक निदेशक, श्री एल वी आर प्रसाद, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, श्री आर गिरीश कुमार, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, श्री शंकर एस, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, श्री आलोक अग्रवाल, महा प्रबंधक, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी का सचिवालय एवं श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैंक में कार्यरत राजभाषा अधिकारी अपने - अपने कार्यस्थल से वीसी के माध्यम से जुड़े थे। आरम्भ में श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग द्वारा लिखित "केनरा गीत" के माध्यम से सम्मेलन का शुभारम्भ हुआ।

इसके बाद श्री शंकर एस, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने सभी का स्वागत किया और कहा कि सभी राजभाषा अधिकारियों को दो दिवसीय सम्मेलन का सही लाभ उठाना चाहिए। श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने पिछले एक वर्ष में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में हुई प्रगति एवं उपलब्धियों पर अपनी प्रस्तुति दी। साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन को लेकर राजभाषा अधिकारियों से प्रधान कार्यालय की अपेक्षाओं से अवगत कराया ।

इसके बाद उपस्थित गणमान्यों द्वारा "लोकल के लिए वोकल बनें", स्थानीय लोगों के दिलों को जीतने के लिए स्थानीय भाषा सीखना एक कौशल है, नामक पोस्टर का विमोचन किया गया । राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय बेंगलूरू द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका "केनरा ज्योति" के 26वें अंक का भी विमोचन किया गया। श्री बिबिन वर्गीस, वरिष्ठ प्रबंधक एवं श्रीमती आर वी रेखा, एकल खिड़की परिचालक द्वारा हिंदी में पासशीट जेनरेट कर सीबीएस के राजभाषा वर्शन पर प्रस्तुति दी गई। कैंडल के माध्यम से राजभाषा अधिकारियों के लिए आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा की गई। केनरा बैंक राजभाषा अक्षय योजना के पुरस्कार विजेताओं को शील्ड वितरित किए गए।

श्री देवाशीष मुखर्जी, कार्यपालक निदेशक ने बैंकिंग कारोबार में हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषाओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग व्यवसाय बढ़ाने में क्षेत्रीय भाषा की अहम भूमिका होती है। इसलिए वर्तमान कोविड -19 महामारी की परिस्थिति में तकनीक आधारित बैंकिग व्यवस्था में डिजिटलीकरण में भी हिंदी के प्रयोग का सकारात्मक लाभ हमारे ग्राहकों को मिलना चाहिए। इसी क्रम में हमारे बैंक द्वारा प्रचार–प्रसार की सामग्रियों को क्षेत्रीय भाषाओं के साथ–साथ हिंदी में उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इससे राजभाषा कार्यान्वयन में रफ्तार लाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में पुरस्कार पाने के लिए आवश्यक सभी अपेक्षाओं का अनुपालन और समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित किया जाना है ।

श्री एल वी प्रभाकर, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने शाखाओं में ग्राहकों के लिए प्रयोग किए जाने वाले फॉर्मों के द्विभाषी/ त्रिभाषी रूप में उपलब्धता पर जोर देते हुए कहा कि सभी राजभाषा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 'क' क्षेत्र में शाखाओं में ग्राहकों के लिए प्रयोग किए जाने वाले फॉर्म द्विभाषी और 'ग' क्षेत्र में त्रिभाषी रूप में उपलब्ध हो। साथ ही हिंदी में अधिक से अधिक पत्र व्यवहार करें एवं परिपत्रों का अनुवाद कार्य तुरंत पूरा कर द्विभाषी रूप में जारी किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में हमारा बैंक अन्य बैंकों की तुलना में अग्रणी रहे और विभिन्न तरह के क्रियाकलाप आयोजित करें ।

इसके बाद आठ अंचल कार्यालयों और उनके अधीन क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थ राजभाषा अधिकारियों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की गई। अंत में श्री बिबिन वर्गीस, वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

सिंडिकेट Syndicate

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :12/2021 दिनांक : 10.03.2021

सम्मेलन के दूसरे दिन प्रथम सत्र और द्वितीय सत्र में शेष सभी अंचल कार्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थ राजभाषा अधिकारियों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की गई। सभी राजभाषा अधिकारियों को अपने विचार प्रस्तुत करने का समान अवसर दिया गया। इसके बाद अंचल कार्यालय तिरुवनंतपुरम में पदस्थ राजभाषा अधिकारी श्रीमती बी सरस्वती की सेवानिवृत्ति पर राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंचल कार्यालय तिरुवनंतपुरम के महा प्रबंधक श्री नायर अजीत कृष्णन ने प्रधान कार्यालय, राजभाषा अनुभाग की ओर से उन्हें शॉल ओढ़कर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

श्री शंकर एस, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने बेहतर कार्यों के लिए राजभाषा अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि राजभाषा अधिकारी अपने कार्य के साथ- साथ सामान्य बैंकिंग में भी अपनी रूचि दिखाएं और काम सीखते रहे ।

समापन समारोह में श्री एल वी आर प्रसाद, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने राजभाषा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय साहित्य विश्व में सबसे समृद्ध साहित्य है। हमारे देश में कई भाषाएं है किंतु हिंदी जानने वाले सर्वाधिक हैं। हिंदी के प्रचार - प्रसार में मीडिया की भी अहम भूमिका रही है। अहिंदी भाषी क्षेत्रों में भी लोग हिंदी जानते और समझते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने देखा है कि राजभाषा अधिकारी कार्यक्रमों का आयोजन करने में सक्रियता से भाग लेते हैं और विपरीत परिस्थितियों में भी बहुत ही सफलता पूर्वक कार्य करते है एवं सभी राजभाषा अधिकारी इसके लिए प्रशंसा के पात्र है। आगे इसी तरह अपने क्रियाकलापों को जारी रखें । जहां तक पदोन्नति का सवाल है, हमारे बैंक में कई अवसर प्राप्त होते रहते हैं अत: सभी समर्पण भाव से अपने कर्तव्य करते रहे ।

श्री एन एस ओमप्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय ने राजभाषा अधिकारियों को 'केनरा ज्योति' और 'श्रेयस' पत्रिका में अधिक से अधिक प्रविष्टियां भेजने हेतु प्रोत्साहित किया। समापन समारोह का धन्यवाद ज्ञापन श्री ओम प्रकाश साह, वरिष्ठ प्रबंधक ने किया। दो दिवसीय सम्मेलन का संचालन श्रीमती शिवानी तिवारी, प्रबंधक ने किया।

## मुख्य झलकियाँ



राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :12/2021 दिनांक : 10.03.2021

# स्वागत संबोधन



# राजभाषा कार्यान्वयन पर प्रस्तुति



बुलेटिन संख्या :12/2021 दिनांक : 10.03.2021

# राजभाषा सी बी एस की लाइव प्रस्तुति





राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :12/2021 दिनांक : 10.03.2021

# केनरा ज्योति के 26वें अंक का विमोचन




# 'लोकल के लिए वोकल बनें' पोस्टर का विमोचन



ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :12/2021 दिनांक : 10.03.2021

# कार्यपालक निदेशक द्वारा संबोधन





ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :12/2021 दिनांक : 10.03.2021

# प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी निदेशक का संबोधन






ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :12/2021 दिनांक : 10.03.2021

# प्रतिभागीगण



# मुख्य महा प्रबंधक का संबोधन



राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :12/2021 दिनांक : 10.03.2021




# सेवानिवृत्ति सम्मान



ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :12/2021 दिनांक : 10.03.2021

# धन्यवाद ज्ञापन




## उच्च प्रबंधन के साथ प्रधान कार्यालय राजभाषा टीम

